## उत्तर प्रदेश में रोजगार संबंधी स्कीम

2798. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में सभी लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करने हेतु कौन-कौन सी स्कीमें चलाई जा रही है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान इस प्रयोजनार्थ उत्तर प्रदेश को कितनी धनराशि आवंटित की गई; और

(ग) प्रत्येक स्कीम के लिए निर्धारित लक्ष्य क्या था और विगत तीन वर्षों के दौरान इन लक्ष्यों को किस सीमा तक प्राप्त किया गया है?

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच० पटेल):**

**(क) उत्तर प्रदेश में लोगों के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने हेतु समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना नामक दो प्रमुख योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम गरीबी की रेखा से नीचे बसर करने वाले ग्रामीण गरीब परिवारों के लिये स्वरोजगार के अवसर मुहैया कराकर कार्यान्वित किया जा रहा है और जवाहर रोजगार योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार और अल्प-रोजगार वाले पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिये अतिरिक्त लाभकारी रोजगार जुटाना है।**

**(ख) और (ग) गत तीन वर्षों के दौरान इन कार्यक्रमों के अंतर्गत आबंटित निधियों, निर्धारित लक्ष्यों और प्राप्त हुई उपलब्धियों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।**

### विवरण

**गत तीन वर्षों के लिये उत्तर प्रदेश में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत आबंटन, लक्ष्य और उपलब्धियां**

| | कुल आबंटन (लाख रुपये में) | लक्ष्य (सहायता किए गए परिवारों की संख्या) | उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम | | | |
| 1989-90 | 14727.97 | 6,73,362 | 6, 30, 024 |
| 1990-91 | 14727.97 | 4,68,144 | 5,08,840 |
| 1991-92 | 13857.12 | 4 43,427 | 4,62,259 |
| (लाख रुपये में) | कुल आवंटन | लक्ष्य (रोजगार सृजन लाख श्रमदिनों में) | उपलब्धि |
| जवाहर रोजगार योजना | 53452.72 | 1436.28 | 1624.93 |
| 1989-90 | 48538.62 | 1703.11 | 1628.27 |
| 1990-91 | 44547.01 | 1472.69 | 1562.14 |
| 1991-92 | | | |

## गुजरात में कुओं की खुदाई पर खर्च की गई धनराशि

2799. **श्री राम सिंह राठवा:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में जवाहर रोजगार योजना के लिए आवंटित राशि का 20 प्रतिशत भाग कुओं की खुदाई पर खर्च किया जाएगा;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि इस योजना के अन्तर्गत किए गए कार्य का कोई लेखा-जोखा नहीं रखा गया है; और

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और विगत दो वर्षों के दौरान गुजरात में खोदे गए कुओं की जिलावार संख्या कितनी है तथा इस कार्य पर जवाहर रोजगार योजना कोष में से कितनी धनराशि खर्च की गई?

**ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी):**